आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.08.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- राष्ट्रीय जनतांत्रिक सी पी राधाकृष्णन ने उप–राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल किया।
- गृहमंत्री अंमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम संशोधन विधेयक पेश किए। इसके साथ ही लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक पेश।
- द्वीपसमूह के तीनों जिलों में कल से तेईस अगस्त तक मशाल रिले का आयोजन किया जाएगा।
- वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी विभिन्न ब्लॉकों में प्रशिक्षण आयोजित कर रही है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए के उप–राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन में नामांकन दाखिल कर दिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्दीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, किरेन रिजिजू तथा लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान, जनता दल युनाइटेड के राजीव रंजन सिंह, राष्ट्रवादी कांगेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल सहित एन डी ए गठबंधन के अन्य नेता उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करने से पहले श्री राधाकृष्णन ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। विपक्ष के इंडिया गठबंधन ने उप–राष्ट्रपति पद के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान नौ सितम्बर को होना है।

<><><><><><><>

आज लोक सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने तीन महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक प्रस्तुत किए। इनमें संविधान एक सौ तीसवां संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस, केन्द्रशासित प्रदेश संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस और जम्मू कश्मीर पुर्नगठन संशोधन विधेयक दो हजार पच्चीस शामिल है। इन विधेयकों का उद्देश्य मौजूदा कानूनों में सुधार करना और व्यापक बदलावों का मार्ग प्रस्तत करना है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक–दो हजार पच्चीस पेश किया। इसका उद्देश्यई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। इस विधेयक में पैसा लेकर ऑनलाइन खेलों की पेशकश करने, संचालन करने या प्रोत्साहन करने पर, पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। ऑनलाइन गेम से जुड़े कानून के उल्लंघन पर, तीन साल तक की कैद और एक करोड रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकता हैं। अगर कोई, इस कानून का दोबारा उल्लंघन करता है, तो तीन से पांच साल तक की कैद, और दो करोड रुपये तक का जुर्माना, हो सकता हैं। यह विधेयक वित्तीय प्रणाली की अखंडता और देश की सुरक्षा, और संप्रभुता की रक्षा करेगा। यह विधेयक देश के युवाओं को, ऑनलाइन "रियल मनी गेमिंग" ऐप्स जैसे कि पोकर और रम्मी जैसे प्रलोभन वाले गेम से बचाएगा। यह विधेयक सरकार की एक सुरक्षित, संरक्षित और नवाचार–प्रेरित डिजिटल इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला प्रशासन ने पत्थरगड्डा में राजस्व एवं जागरूकता शिविर न्यायालय का आयोजन किया। शिविर में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विभाग ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना पर एक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में योजना की विशेषता, लाभ, पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया। शिविर के दौरान श्री विजयपुरम के तहसीलदार ने लंबित मामलों पर उपयुक्त कार्रवाई की। आउटरीच पहल के माध्यम से बहु–विभागीय सेवाएँ प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों की सराहना की गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस पर महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तीनों ज़िलों में मशाल रिले का आयोजन किया जाएगा। उपराज्यपाल ने पंद्रह अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ परेड के प्रशस्ति समारोह के दौरान औपचारिक रूप से तीनों मशालों का शुभारंभ किया था। जिले में यह कार्यक्रम तीन चरणों में कल, बाईस और तेईस अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। मशाल रिले कार्यक्रम कल सुबह आठ बजे जी एस एस मॉडस स्कूल से आरंभ होकर श्री विजयपुरम के विभिन्न मार्गों से होते हुए चिड़ियाटापू बीच में समपन्न होगा, जबकि बाईस अगस्त को स्कूल लाइन से होते हुए वंडूर बीच तक मशाल रिले का आयोजन किया जाएगा। वहीं तेइस अगस्त को छोलदारी से ओग्राब्रांज चौक तक मशाल रिले सम्पन्न होगा। मशाल को डी.ई.ओ विम्बर्लीगंज के नोडल अधिकारी को सौंप दी जाएगी।

<><><><><><><>

वैज्ञानिक और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र शासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी विभिन्न ब्लॉकों में प्रशिक्षण आयोजित कर रही है। सिप्पीघाट गाँव स्थित जैविक बागवानी फार्म में "मसालों की खेती, कटाई–पश्चात प्रबंधन, कटाई, प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य संवर्धन" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, कृषि विज्ञान केंद्र के विषय विशेषज्ञों, आत्मा के पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। ननकौड़ी ब्लॉक में, यह प्रशिक्षण कमोर्टा के पिलपिल्लो गाँव स्थित सामुदायिक भवन में गाँव के प्रथम कैप्टन और द्वितीय कैप्टन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसके अलावा, कृषि विभाग और पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग के सहयोग से यू.टी.ए.टी.एम.ए के चल रहे प्रयासों के तहत पंचायत हॉल, शोर प्वाइंट, फरारगंज ब्लॉक और सामुदायिक हॉल, हरमिंदर बे, लिटिल अंडमान ब्लॉक में" बकरी के वैज्ञानिक पालन और प्रबंधन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई व्यवस्था की जाँच के लिए पद्मश्री पुरस्कार विजेता और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड अम्बेसडर नरेश चंद्र लाल ने डेयरी फार्म स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर श्री लाल ने छात्रों और शिक्षकों से बात की और उन्हें अपने विद्यालय परिसर के साथ–साथ अपने समाज में भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की उप–प्रधानाचार्य सैरुन बीबी भी उपस्थित थीं।

<><><><><><><>

मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अतिथि संकाय के रूप में संसाधन व्यक्तियों का चयन करने का निर्णय लिया है। कॉलेज विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रम पढ़ाने के लिए एक पैनल तैयार कर रहा है। संसाधन व्यक्तियों को प्रति व्याख्यान एक हजार पांच सौ रुपये का मानदेय निर्धारित किया गया है। गेस्ट फैकेल्टि को एक महीने में कुल पचास हजार रुपये तक की सीमा होगी। छात्रों के पाठ्यक्रम के अनुसार अतिथि संकाय के सदस्य नियुक्त किए जाएंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के तहत कार निकोबार और कैंपबेल बे के कृषि विभाग के सहयोग से सत्रह से उन्नीस अगस्त तक द्वीपीय जनजातीय किसानों की आजीविका सुधार के लिए जैविक कृषि पद्धतियों पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आई. जयशंकर ने एकीकृत कृषि प्रणाली के लाभों और संभावनाओं के बारे में बताया, जिसमें कृषि आय में सुधार के लिए विभिन्न घटकों का समावेश शामिल है। वहीं कैम्पबेल बे में कृषि विभाग की ए.डी.ए शकीला नवाज ने द्वीपों में उगाई जाने वाली कृषि और बागवानी फसलों पर कीटनाशकों के उपयोग के प्रभाव के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, वैज्ञानिकों ने द्वीप लीफ सेपरेटर का प्रदर्शन किया जिसका उपयोग नारियल के पत्तों से मध्य पसली निकालने के लिए किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रेट और लिटिल निकोबार द्वीप समूह के कुल एक सौ बावन किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में तीन दिन से जारी लगातार बारिश के बाद आज मौसम साफ रहा। श्री विजयपुरम में आज दिनभर धूप खिली रही। मध्योत्तर अंडमान के साथ–साथ निकोबार द्वीपसमूह में भी मौसम साफ रहा। आज श्री विजयपुरम में अधिकतम तापमान उनतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान चौबीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कल के लिए मौसम संबंधी जानकारी में कोई विशेष चेतावनी नहीं है।

<><><><><><><>